"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/सी. ओ./रायपुर/17/2002."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 132] रायपुर, मंगलवार, दिनांक 28 जून 2005—आषाढ़ 7, शक 1927

गृह (पुलिस) विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 28 जून 2005

अधिसूचना

क्रमांक एफ 2-8/दो-गृह/रापुसे/2005.– भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, इस विषय में पूर्व के नियमों को अतिष्ठित करते हुये, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक (राजपत्रित) सेवा में भर्ती तथा पदोन्नति से संबंधित निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :-

नियम

1. **संक्षिप्त नाम तथा प्रारम्भ -**

(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक (राजपत्रित) सेवा भर्ती तथा पदोन्नति नियम-2005 है.

(2) ये नियम राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे.

2. **परिभाषाएं** - इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :-

(क) "नियुक्ति प्राधिकारी" से अभिप्रेत है "छत्तीसगढ़ शासन";

(ख) "आयोग" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग;

(ग) ''परीक्षा'' से अभिप्रेत है, इन नियमों के नियम-11 के अधीन भर्ती के लिये ली गई प्रतियोगी परीक्षा;

(घ) ''शासन'' से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ शासन;

(ङ) ''राज्यपाल'' से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल;

(च) ''निरीक्षक'' से अभिप्रेत है, निरीक्षक-जिला कार्यपालिक बल (डी.ई.एफ.) निरीक्षक-विशेष शाखा (एस.बी.), रक्षित निरीक्षक (आर.आई.), निरीक्षक-रेडियो (आर) मोटर ट्रांसपोर्ट-निरीक्षक (एम.टी.आई.), निरीक्षक-प्रश्नास्पद दस्तावेज (आई.क्यू.डी.), निरीक्षक-अंगुली चिन्ह ब्यूरो (आई.एफ.पी.बी.), निरीक्षक-अनुसचिवीय (एम);

(छ) ''अन्य पिछड़ा वर्ग'' से अभिप्रेत है, राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचना द्वारा घोषित अन्य पिछड़ा वर्ग;

(ज) ''अनुसूची'' से अभिप्रेत है, इन नियमों में संलग्न अनुसूची;

(झ) ''अनुसूचित जाति'' से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 341 के अधीन इस राज्य के संबंध में विनिर्दिष्ट अनुसूचित जाति;

(ञ) ''अनुसूचित जनजाति'' से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के अधीन इस राज्य के संबंध में विनिर्दिष्ट अनुसूचित जनजाति;

(ट) ''राज्य'' से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ राज्य;

(ठ) ''सेवा'' से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक (राजपत्रित) सेवा.

3. **विस्तार तथा लागू होना** - छत्तीसगढ़ सिविल सेवा; सेवा की सामान्य शर्तें नियम, 1961 में अन्तर्विष्ट उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ये नियम सेवा के प्रत्येक सदस्य को लागू होंगे, जैसा कि अनुसूची-एक में उल्लेखित है.

4. **सेवा का गठन** -

(1) सेवा में निम्नलिखित व्यक्ति होंगे, अर्थात् :-

(क) इन नियमों के प्रारम्भ पर अनुसूची एक में यथा विनिर्दिष्ट पदों पर मूल रूप से या स्थानापन्न हैसियत में नियुक्त किए गए व्यक्ति;

(ख) इन नियमों के प्रारम्भ से पूर्व सेवा में भर्ती किये गये व्यक्ति;

(ग) इन नियमों के उपबंधों के अनुसार सेवा में भर्ती किये गये व्यक्ति.

(2) सेवा में निम्नलिखित श्रेणी होंगी-

(क) उप पुलिस अधीक्षक कनिष्ठ वेतनमान - रु. 8000-275-13500/-

(ख) उप पुलिस अधीक्षक वरिष्ठ वेतनमान - रु. 10000-325-15200/-

(ग) उप पुलिस अधीक्षक प्रवर श्रेणी वेतनमान - रु. 12000-375-16500/-

(घ) उप पुलिस अधीक्षक वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान - रु. 14300-400-18300/-

5. **वर्गीकरण, वेतनमान आदि** -सेवा का वर्गीकरण सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या और उनसे संलग्न वेतनमान, अनुसूची-एक में विनिर्दिष्ट किये गये अनुसार होगा;

परन्तु शासन सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या में समय-समय पर स्थायी या अस्थायी आधार पर वृद्धि या कमी कर सकेगा.

6. **भर्ती का तरीका** -

(1) इन नियमों के प्रारम्भ होने के पश्चात्, सेवा में भर्ती निम्नलिखित तरीकों से की जाएगी, अर्थात् :-

(क) प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से चयन द्वारा सीधी भर्ती;

(ख) अनुसूची-चार के कालम क्र. 2 में विनिर्दिष्ट पद से कालम क्र. 3 में यथा विनिर्दिष्ट सेवा के सदस्यों की पदोन्नति द्वारा;

(ग) विनिर्दिष्ट सेवाओं में विनिर्दिष्ट पदों पर नियुक्त किए गए व्यक्तियों की प्रतिनियुक्ति द्वारा.

(2) उप नियम- (1) के खण्ड- (ख) के अधीन भर्ती किये गये व्यक्तियों की संख्या, अनुसूची-एक में उल्लिखित पदों की संख्या के, अनुसूची-दो में उल्लिखित प्रतिशत से अधिक नहीं होगी.

(3) इन नियमों के उपबन्धों के अध्यधीन रहते हुए, भर्ती की किसी भी विशेष कालावधि के दौरान भरे जाने के लिये अपेक्षित सेवा में की किसी रिक्तियों को भरने के प्रयोजन के लिये अपनाये जाने वाला तरीका और प्रत्येक तरीके द्वारा भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों की संख्या, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा आयोग के परामर्श से, अवधारित की जायेगी.

(4) उप नियम- (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, यदि नियुक्ति प्राधिकारी की राय में सेवा की अत्यावश्यकताओं को देखते हुए, ऐसा करना अपेक्षित होने पर, गृह पुलिस विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग की पूर्व सहमति से सेवा में भर्ती संबंधी उन तरीकों से भिन्न, जो उक्त उपनियम में विनिर्दिष्ट किये गये हैं, ऐसा अन्य तरीका अपना सकेगा, जैसा कि उसके द्वारा, इस संबंध में जारी किये गये आदेश द्वारा विहित किया जाए.

(5) भर्ती करते समय छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्र. 21 सन् 1994) तथा इन नियमों के अधीन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश लागू होंगे.

7. **सेवा में नियुक्ति** - इन नियमों के प्रवृत्त होने के पश्चात् सेवा में सभी नियुक्तियां, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा की जाएगी और ऐसी कोई भी नियुक्ति, नियम-6 में विनिर्दिष्ट भर्ती के तरीकों में से किसी एक तरीके द्वारा ही की जाएगी, अन्यथा नहीं.

8. **सीधी भर्ती के लिये पात्रता की शर्तें** - अभ्यर्थी को परीक्षा में स्पर्धा करने हेतु पात्र होने के लिये निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होंगी, अर्थात् :-

(1) आयु -

(क) उसने परीक्षा प्रारम्भ होने के दिनांक के बाद की आगामी जनवरी के प्रथम दिन को, अनुसूची-तीन के कालम-3 में विनिर्दिष्ट आयु पूरी कर ली हो, और उक्त अनुसूची के कालम-4 में विनिर्दिष्ट आयु पूरी न की हो.

(ख) यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़े वर्ग का हो तो उच्चतर आयुसीमा अधिक से अधिक पांच वर्ष तक शिथिलनीय होगी.

(ग) उन अभ्यर्थियों की उच्चतर आयुसीमा, जो छत्तीसगढ़ शासन के कर्मचारी हैं, या कर्मचारी रह चुके हैं नीचे विनिर्दिष्ट की गई सीमा तक तथा शर्तों के अधीन शिथिलनीय होगी :-

(एक) अभ्यर्थी, जो स्थायी शासकीय सेवक हों, की आयु 33 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.

(दो) अभ्यर्थी, जो अस्थायी पद धारण कर रहा हो और किसी दूसरे पद के लिये आवेदन कर रहा हो, की आयु 33 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिये. यह रियायत आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारी, कार्यभारित कर्मचारी तथा परियोजना कार्यान्वयन समिति के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारी को भी अनुज्ञेय होगी.

(तीन) कोई अभ्यर्थी, जो छंटनी किया हुआ शासकीय सेवक हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई सम्पूर्ण अस्थायी सेवा की अधिक से अधिक 7 वर्ष तक की कालावधि, भले ही वह एक से अधिक बार की गई सेवा हो, कम करने की अनुज्ञा दी जाएगी, बशर्ते कि इसके परिणामस्वरूप जो आयु हो, वह उच्चतर आयुसीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो.

स्पष्टीकरण - शब्द ''छंटनी किया गया शासकीय सेवक'' से द्योतक है ऐसा व्यक्ति जो इस राज्य की अथवा किन्हीं भी संघटक इकाईयों की शासकीय सेवा में निरंतर कम से कम 6 मास की कालावधि तक रहा हो तथा जो रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन कराने शासकीय सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन देने की दिनांक से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व कर्मचारियों की संख्या में कमी किये जाने के कारण सेवोन्मुक्त किया गया हो.

(घ) **महिलाओं के लिये पदों का आरक्षण** : सीधी भर्ती (प्रवेश स्तर) के प्रक्रम पर महिलाओं के लिये 30 प्रतिशत पद आरक्षित होंगे और आरक्षण समस्तर और प्रभागवार (हारिजेन्टल एण्ड कम्पार्टमेंटवाईज) होगा. किन्तु राज्य शासन विशेष अथवा विपरीत परिस्थितियों में यह आरक्षण 10 प्रतिशत तक अधिसूचना द्वारा कम कर सकेगा.

स्पष्टीकरण - ''समस्तर और प्रभागवार (हारिजेन्टल एण्ड कम्पार्टमेंटवाईज)'' से अभिप्रेत है कि प्रत्येक प्रवर्ग, अर्थात् अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्ग तथा सामान्य प्रवर्ग में आरक्षण.

(ङ) कोई अभ्यर्थी, जो भूतपूर्व सैनिक हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई समस्त प्रतिरक्षा सेवा की कालावधि कम करने की अनुज्ञा दी जाएगी बशर्ते इसके परिणामस्वरूप जो आयु हो, वह उच्चतर आयुसीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो.

स्पष्टीकरण - शब्द ''भूतपूर्व सैनिक'' ऐसे व्यक्ति का द्योतक है जो निम्नलिखित प्रवर्गों में से किसी प्रवर्ग का हो और जो भारत शासन के अधीन कम से कम छ: माह की निरंतर कालावधि तक नियोजित रहा हो तथा जिसकी किसी भी रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन कराने अथवा सेवा में नियुक्ति हेतु अन्यथा, आवेदन देने के दिनांक से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व मितव्ययिता इकाई की सिफारिशों के फलस्वरूप या कर्मचारियों की संख्या में सामान्य रूप से कमी किये जाने के कारण छंटनी की गयी थी या जिसे अतिशेष घोषित किया गया था :-

(एक) ऐसा भूतपूर्व सैनिक, जिसे ''मास्टरिंग आउट कन्सेशन'' के अधीन मुक्त कर दिया गया हो;

(दो) ऐसा भूतपूर्व सैनिक, जिसे दूसरी बार भर्ती किया गया हो :-

(क) नियुक्ति की अल्पकालीन अवधि पूर्ण हो जाने पर;

(ख) अभ्यावेशन (एनरोलमेन्ट) की शर्तें पूर्ण हो जाने पर; सेवान्मुक्त कर दिया गया हो.

(तीन) अधिकारी (सैनिक तथा असैनिक जिनमें अल्पकालीन सेवा के, नियमित कमीशन प्राप्त अधिकारी सम्मिलित हैं,) उनकी संविदा पूर्ण होने पर सेवोन्मुक्त किये गये हों;

(चार) अवकाश रिक्तियों पर निरन्तर छ: माह से अधिक समय तक कार्य करने के पश्चात् सेवोन्मुक्त किये गये अधिकारी;

(च) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति हेतु उपबन्ध) नियम 1997 के अनुसार महिला आवेदकों की उच्चतर आयु सीमा 10 वर्ष तक शिथिलनीय होगी. यह छूट आयुसीमा सम्बन्धी अन्य छूटों के अतिरिक्त होगी.

(छ) विधवा, परित्यक्ता एवं तलाकशुदा महिला अभ्यर्थियों के लिये सामान्य उच्चतर आयु-सीमा पांच वर्ष तक शिथिलनीय होगी;

(ज) परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रीनकार्ड धारक अभ्यर्थियों के लिये भी उच्चतर आयुसीमा दो वर्ष तक शिथिलनीय होगी;

(झ) आदिमजाति, अनुसूचित जाति तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन कार्यक्रम के अधीन पुरस्कृत दम्पत्ति के सवर्ण पार्टनर के संबंध में सामान्य उच्चतर आयुसीमा पांच वर्ष तक शिथिलनीय होगी;

(ञ) ''विक्रम पुरस्कार'' धारण करने वाले अभ्यर्थियों के संबंध में भी उच्चतर आयुसीमा पांच वर्ष तक शिथिलनीय होगी;

(ट) इन अभ्यर्थियों के संबंध में, जो मध्यप्रदेश/छत्तीसगढ़ राज्य निगम मण्डल के कर्मचारी हों, उच्चतर आयुसीमा अधिकतम 33 वर्ष तक शिथिलनीय होगी;

(ठ) स्वयंसेवी होमगार्ड के मामले में उच्चतर आयुसीमा उनके द्वारा की गई सेवा की कालावधि के लिये आठ वर्ष की सीमा के अध्यधीन रहते हुए शिथिल की जावेगी किन्तु किसी भी मामले में उनकी आयु 33 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये.

टिप्पणी :-

(1) ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें उपर्युक्त खण्ड ''ग'' के उपखण्ड (एक) तथा (दो) और उपखण्ड (झ) में उल्लेखित आयु संबंधी रियायतों के अंतर्गत चयन के लिये सम्मिलित किया गया है, यदि आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात् चयन के या तो पहले अथवा बाद में सेवा से त्यागपत्र दे तो वे नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे. तथापि यदि आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात् सेवा या पद से छंटनी की जावे तो वे नियुक्ति के पात्र बने रहेंगे.

(2) विभागीय अभ्यर्थियों को चयन के लिये उपसंजात होने हेतु उनके नियुक्ति प्राधिकारी से पूर्व अनुमति अभिप्राप्त करनी होगी.

(3) उपरोक्त के अतिरिक्त आयुसीमा के सम्बन्ध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी सभी आदेश भी लागू होंगे.

(2) **शारीरिक अर्हता -**

अभ्यर्थी की निम्नलिखित शारीरिक अर्हतायें होनी चाहिये एवं इस संबंध में उसको शपथ-पत्र देना होगा :-

(क) ऊंचाई - 168 से. मी. या उससे अधिक (केवल पुरुष अभ्यर्थियों के लिये)

155 से. मी. या उससे अधिक (केवल महिला अभ्यर्थियों के लिये)

(ख) सीना - विना फुलाये 84 से.मी., फुलाने पर 89 से. मी., अभ्यर्थी के वगैर फुलाये हुए और फुलाये हुए सीने के बीच कम से कम 5 से. मी. का अंतर होना चाहिये. इस मामले में किसी प्रकार की छूट नहीं दी जावेगी. महिला अभ्यर्थियों के मामले में सीने का माप अपेक्षित नहीं है.

(ग) अभ्यर्थी को शारीरिक रूप से विकलांग नहीं होना चाहिये.

(घ) अभ्यर्थी चिकित्सीय दृष्टि से योग्य (मेडिकली-फिट) होना चाहिये और दृष्टि जांच (विजन-टेस्ट) में अल्पदृष्टि नहीं होना चाहिये. उसकी समस्त रंगों के प्रति स्पष्ट दृष्टि होना चाहिये. उसे शारीरिक या मानसिक रूप से अक्षम नहीं होना चाहिये.

(3) **शैक्षणिक अर्हता** -

अभ्यर्थी के पास, अनुसूची-तीन में सेवा के लिये विहित शैक्षणिक अर्हतायें होना चाहिये परन्तु :-

(क) अपवादित मामलों में, आयोग, शासन की सिफारिश पर किसी ऐसे अभ्यर्थी को अर्ह मान सकेगा, जिसके पास यद्यपि इस खण्ड में विहित अर्हताओं में से कोई अर्हता नहीं हो, किन्तु जिसने किसी अन्य संस्था द्वारा संचालित परीक्षायें ऐसे स्तर से उत्तीर्ण की हों, जो आयोग की राय में अभ्यर्थी को परीक्षा/चयन के विचारण के लिये पात्र बनाती हो.

(ख) आयोग अपने विवेकानुसार, ऐसे अभ्यर्थियों के संबंध में भी परीक्षा/चयन के लिये उपस्थित होने हेतु विचार कर सकेगा, जो अन्यथा अर्ह हों, किन्तु जिन्होने ऐसे विदेशी विश्वविद्यालय से उपाधि प्राप्त की हो जो शासन द्वारा विनिर्दिष्ट रूप से मान्यता प्राप्त न हो और वे अभ्यर्थी भी नियुक्ति के पात्र होंगे जिन्होने मध्यप्रदेश/छत्तीसगढ़ में स्थित यथा स्थिति किसी विद्यालय, महाविद्यालय या विश्वविद्यालय से हायर सेकेण्डरी या उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो या स्नातक उपाधि प्राप्त की हो.

(4) **फीस** - अभ्यर्थी को आयोग द्वारा विहित फीस का भुगतान करना होगा.

9. **निरर्हता** - अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिये समर्थन प्राप्त करने हेतु किन्हीं भी साधनों से किया गया कोई भी प्रयास, आयोग द्वारा, परीक्षा/चयन में उपस्थित होने के लिये उसे अनर्ह बनायेगा.

10. **अभ्यर्थियों की पात्रता के संबंध में आयोग का विनिश्चय अंतिम होगा**- परीक्षा/साक्षात्कार में प्रवेश के संबंध में किसी अभ्यर्थी की पात्रता या अपात्रता के संबंध में आयोग का विनिश्चिय अंतिम होगा और किसी ऐसे अभ्यर्थी को, जिसे आयोग द्वारा प्रवेश प्रमाण-पत्र जारी नहीं किया गया है, परीक्षा/साक्षात्कार में प्रवेश नहीं दिया जावेगा.

11. **प्रतियोगी परीक्षा द्वारा सीधी भर्ती** -

(1) सेवा में भर्ती के लिये प्रतियोगी परीक्षा ऐसे अंतराल से ली जावेगी जैसा कि शासन, आयोग के परामर्श से, समय-समय पर अवधारित करें.

(2) आयोग, शासन द्वारा जारी किये गये ऐसे आदेशों के अनुसार परीक्षा संचालित करेगा, जैसे कि शासन द्वारा, आयोग के परामर्श से जारी किये जावें.

(3) सीधी भर्ती के लिये उपलब्ध रिक्तियों में से उन अभ्यर्थियों के लिये पद आरक्षित रखे जावेंगे, जो छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम-1994 (क्रमांक 21 सन् 1994) के उपबंधों और राज्य शासन द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों या अनुदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्ग के सदस्यों के लिये आरक्षित है.

(4) इस प्रकार आरक्षित रिक्तियों को भरते समय उन अभ्यर्थियों की, जो कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्गों के सदस्य हैं, नियुक्ति पर विचार उसी क्रम से किया जावेगा, जिस क्रम में उनके नाम नियम-12 में विनिर्दिष्ट सूची में आये हों.

(5) उपलब्ध रिक्तियों में से छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिये विशेष उपबंध) नियम-1997 के उपबंधों के अनुसार महिला अभ्यर्थियों के लिये भी पद आरक्षित किये जावेंगे, जैसा कि गृह (पुलिस) विभाग द्वारा अनुसूची-एक में वर्णित पदों के सबंध में लागू किया जावे.

12. आयोग द्वारा सिफारिश किये गये अभ्यर्थियों की सूची -

(1) आयोग अपने द्वारा निश्चित किये गये स्तर के अनुसार अर्ह अभ्यर्थियों की योग्यता क्रम से बनाई गई सूची तथा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के उन अभ्यर्थियों की सूची, जो यद्यपि उक्त मानक के अनुसार अर्ह नहीं हैं किन्तु फिर भी प्रशासन में दक्षता बनाये रखने का सम्यक् ध्यान रखते हुए आयोग द्वारा सेवा में नियुक्ति के लिये उपयुक्त घोषित किये गये हों, शासन को भेजेगा. यह सूची सर्वसाधारण की जानकारी के लिये भी प्रकाशित की जावेगी.

(2) इन नियमों तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम-1961 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, उपलब्ध रिक्तियों पर अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिये उसी क्रम में विचार किया जायेगा जिसमें कि उनके नाम सूची में आये हैं.

(3) सूची में किसी अभ्यर्थी का नाम सम्मिलित किये जाने से ही उसे नियुक्ति का कोई अधिकार तब तक प्राप्त नहीं होता, जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी का ऐसी जांच के पश्चात्, जैसी कि वह आवश्यक समझे, यह समाधान न हो जावे कि अभ्यर्थी सेवा में नियुक्ति के लिये सभी प्रकार से उपयुक्त है.

(4) आयोग द्वारा जारी की गई चयन सूची, उसके जारी किये जाने के तारीख से एक वर्ष की अवधि तक विधि मान्य रहेगी.

13. परिवीक्षा तथा प्रशिक्षण -

(1) सेवा में सीधी भर्ती किये गये प्रत्येक व्यक्ति को दो वर्ष की कालावधि के लिये परिवीक्षा पर नियुक्त किया जावेगा.

(2) परिवीक्षा की कालावधि में विहित प्रशिक्षण, विनिर्दिष्ट प्रशिक्षण संस्थाओं और स्थलों में दिया जावेगा. उन अभ्यर्थियों के लिये, जो विहित स्तर प्राप्त करने में असफल रहते हैं, परिवीक्षा कालावधि बढ़ाई जा सकेगी. विहित परीक्षा और प्रशिक्षण, जैसा कि समय-समय पर संचालित किया जावे, में विहित स्तरों से उत्तीर्ण होने में असफल रहने पर परिवीक्षा कालावधि बढ़ाई जा सकेगी तथा सेवामुक्त भी किया जा सकेगा.

(3) यदि कोई अभ्यर्थी, जिसे परिवीक्षा पर नियुक्ति का प्रस्ताव दिया गया है, दिये गये दिनांक तथा स्थान पर प्रशिक्षण पर उपस्थित नहीं होता है, तो उसकी नियुक्ति रद्द कर दी जावेगी. यदि अभ्यर्थी नियुक्ति के आदेश में विहित कालावधि में कार्यग्रहण नहीं करता है तो नियुक्ति का आदेश रद्द कर दिया जावेगा.

14. पदोन्नति/क्रमोन्नति/पदस्थापना द्वारा नियुक्ति -

(1) पात्र अभ्यर्थियों की पदोन्नति/क्रमोन्नति/पदस्थापना हेतु प्रारम्भिक चयन करने के लिये एक समिति गठित की जावेगी जिसमें अनुसूची-चार के कॉलम पांच में वर्णित सदस्य होंगे. तथापि इस समिति में अध्यक्षता करने वाले अधिकारी को छोड़कर नाम निर्दिष्ट किये गये सदस्यों में से यदि एक सदस्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़े वर्ग का प्रतिनिधित्व नहीं करेगा तो इन प्रवर्गों में से किसी प्रवर्ग के अन्य अधिकारी को समिति में सम्मिलित किया जायेगा, और समिति की सदस्य संख्या अपेक्षित सीमा तक बढ़ाई गई समझी जावेगी.

(2) समिति की बैठक सामान्यतया प्रत्येक वर्ष में कम-से-कम एक बार होगी.

15. निरीक्षक से उप पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नति के लिये पात्रता की शर्तें -

(1) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (पदोन्नति) नियम-2003 के उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, पदोन्नति करने की प्रक्रिया केवल इन नियमों के अनुसार होगी. पदोन्नति प्रक्रिया नियम क्रमांक 16 से 19 में अभिकथित हैं.

(2) समिति उन सभी व्यक्तियों के मामलों पर विचार करेगी, जिन्होंने उस वर्ष की पहली जनवरी को इससे संलग्न अनुसूची-चार के कालम-2 में उल्लेखित पद/सेवा पर या किसी अन्य पद या पदों पर, जिन्हें शासन ने उनके समतुल्य घोषित किया है, स्थानापन्न या मौलिक रूप से उतने वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो जो अनुसूची-चार के कालम-4 में अंकित है तथा विचारा क्षेत्र में आते हों.

स्पष्टीकरण - पदोन्नति के लिये पात्रता हेतु अर्हकारी सेवा की संगणना की रीति :- सम्बन्धित वर्ष जिसमें विभागीय पदोन्नति समिति/छानबीन समिति आहूत की जाती है, की प्रथम जनवरी को अर्हकारी सेवा, की अवधि की गणना, उस कलेंडर वर्ष से की जाएगी, जिसमें लोक सेवक पद/फीडर संवर्ग में आया है, पदोन्नति की तारीख से नहीं.

(3) (क) ऐसे मामलों में जहां पदोन्नति वरिष्ठता या वरिष्ठता-सह-उपयुक्तता के आधार पर अथवा जिनमें पदोन्नति अनुपयुक्त व्यक्ति

को छोड़कर की जानी हो वहां सभी वर्गों के लिये कोई भी विचारण क्षेत्र नहीं होगा. इस प्रयोजन हेतु उतनी ही रिक्त पदों के संख्या की गणना की जावेगी, जो प्रत्येक प्रवर्ग के अधीन विद्यमान तथा एक वर्ष के दौरान सेवानिवृत्ति के कारण प्रत्याशित रिक्तियों की संख्या को भरने के लिये पर्याप्त होगी.

(ख) उप नियम (3) (क) में उल्लिखित रिक्तियों के अतिरिक्त पूर्वोक्त अवधि के दौरान होने वाली अप्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिये, दो लोक सेवकों के या चयन सूची में सम्मिलित लोक सेवकों की संख्या के 25 प्रतिशत, जो भी अधिक हों, के नाम चयन सूची में सम्मिलित करने के उद्देश्य से प्रत्येक प्रवर्ग के लिये अपेक्षित संख्या में लोक सेवकों के नाम पर विचार किया जाएगा.

(4) शासन द्वारा पदोन्नति हेतु निर्धारित आरक्षण रोस्टर के अनुसार पदोन्नति की जाएगी.

16. **उप पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नति हेतु उपयुक्त अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना -**

(1) विभागीय पदोन्नति समिति ऐसे व्यक्तियों की एक सूची तैयार करेगी, जो नियम-15 में विहित शर्तों को पूरा करते हों तथा जिन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (पदोन्नति) नियम-2003 के उपबंधों के अनुसार सेवा में पदोन्नति के लिये समिति द्वारा उपयुक्त ठहराया गया हो. यह सूची विद्यमान रिक्तियों तथा चयन सूची तैयार करने की तारीख से आगामी एक वर्ष के दौरान होने वाली संभावित रिक्तियों को भरने के लिये पर्याप्त होगी.

(2) ऐसी सूची में सम्मिलित किये गये अधिकारियों के नाम ऐसी चयन सूची तैयार किये जाने के समय अनुसूची-चार के कालम-(2) में यथाविनिर्दिष्ट सेवा के पदों में ज्येष्ठता के क्रम में रखे जावेंगे.

(3) इस प्रकार तैयार की गई सूची का प्रत्येक पुनर्विलोकन तथा पुनरीक्षण किया जावेगा.

(4) यदि चयन पुनर्विलोकन या पुनरीक्षण की प्रक्रिया में सेवा के किसी सदस्य को अधिक्रमित किया जाना प्रस्तावित हो तो समिति प्रस्तावित अधिक्रमण के अपने कारणों को अभिलिखित करेगी.

(5) आगे की गणना का फार्मूला होगा कि प्रत्याशित रिक्तियों की संख्या के ठीक दुगुने में चार जोड़ा जाय. यदि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोक सेवक ऊपर दर्शाये गये अनुसार ''विचारण क्षेत्र'' में पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हों, तो ''विचारण क्षेत्र'' के रिक्तियों की संख्या के सात गुने तक बढ़ाया जा सकेगा और इस विस्तारित ''विचारण क्षेत्र'' में आने वाले अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोक सेवकों के नामों पर आरक्षित पदों को भरने के लिये विचार किया जावेगा.

(6) पदोन्नति के लिये केवल ऐसे लोक सेवकों के नामों पर विचार किया जावेगा, जिन्होंने पदोन्नति के लिये (भर्ती नियमों के अनुसार) फीडर संवर्ग/सेवा के भाग/पद के वेतनमान में अपेक्षित वर्षों की सेवा पूर्ण कर ली हो और जो विचारण क्षेत्र के अंतर्गत हों.

इसके अतिरिक्त पूर्वोक्त अवधि के दौरान होने वाली अप्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिये, दो लोक सेवकों के या चयन सूची में सम्मिलित लोक सेवकों की संख्या के 25 प्रतिशत, जो भी अधिक हो, के नाम चयन सूची में सम्मिलित करने के उद्देश्य से प्रत्येक प्रवर्ग के लिये अपेक्षित संख्या में लोक सेवकों के, जो विचारण क्षेत्र में हों, नामों पर विचार किया जावेगा.

(7) जो आरक्षित पद भर्ती नियमों के अनुसार विचार किये जाने की पात्रता रखने वाले समस्त लोक सेवकों के नामों पर विचार कर लेने के बावजूद, उस प्रवर्ग के उपयुक्त लोक सेवकों के, जिनके लिये पद आरक्षित है, उपलब्ध न होने के कारण भरे जाने से रह जावे तो ऐसा पद तब तक अग्रनीत किया जावेगा, अर्थात् रिक्त रखा जावेगा, जब तक कि उस आरक्षित प्रवर्ग का उपयुक्त लोक सेवक उपलब्ध न हो जावे. किसी भी परिस्थिति में आरक्षित प्रवर्ग की किसी रिक्ति को किसी अन्य प्रवर्ग के लोक सेवक की पदोन्नति द्वारा नहीं भरा जावेगा.

(8) विभागीय पदोन्नति समिति लोक सेवकों की पदोन्नति के लिये उनके सेवाभिलेख के आधार पर एवं पूर्ववत् 5 वर्षों के वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदनों के विशेष संदर्भ में उनकी उपयुक्तता का निर्धारण करेगी. तथापि उन मामलों में जहां अपेक्षित अर्हकारी सेवा 5 वर्ष से अधिक है, विभागीय पदोन्नति समिति, अपेक्षित अर्हकारी सेवा के बराबर वार्षिक प्रतिवेदनों के विशेष संदर्भ में अभिलेख देखेगी.

17. **आयोग से परामर्श** - जहां विभागीय पदोन्नति समिति का अध्यक्ष, आयोग का अध्यक्ष या सदस्य हो तो यह समझा जावेगा कि संविधान के अनुच्छेद-320 के खण्ड-(3) के उपखण्ड (ख) के अधीन आयोग से परामर्श करने संबंधी अपेक्षा का अनुपालन किया गया है. ऐसे मामलों में समिति की रिपोर्ट पर आयोग की पृथक सहमति प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी.

18. चयन सूची-

(1) विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा सफल एवं उत्कृष्ट अभ्यर्थियों की सूची के साथ अन्य दस्तावेज नियुक्ति प्राधिकारी को सौंपेगी. नियुक्ति प्राधिकारी उस सूची को अनुमोदित अथवा कोई परिवर्तन यदि आवश्यक हो, कर सकेगा.

(2) यदि नियुक्ति प्राधिकारी समिति से प्राप्त सूची में कोई परिवर्तन करना आवश्यक समझे तो वह प्रस्तावित परिवर्तनों को समिति को सूचित करेगा तथा समिति की टिप्पणियों, यदि कोई हो, पर विचार करने के पश्चात् सूची को ऐसे उपांतरणों यदि कोई हो, के साथ अंतिम रूप से अनुमोदित कर सकेगा जो उसकी राय में न्यायपूर्ण तथा उचित हो.

(3) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अंतिम रूप से अनुमोदित सूची, अनुसूची-चार के कालम-2 में वर्णित पदों से उक्त अनुसूची के कालम-3 में वर्णित पदों पर सेवा के सदस्यों की पदोन्नति के लिये चयन सूची होगी.

(4) चयन सूची अनुमोदन के दिनांक से 12 माह तक वैध रहेगी. वैधता लोक सेवा आयोग की सहमति से 6 माह के लिये बढ़ाई जा सकेगी, किन्तु इस वृद्धि सहित कुल अवधि किसी भी प्रकरण में 18 माह से अधिक नहीं होगी. परन्तु चयन-सूची में सम्मिलित किसी व्यक्ति की ओर से आचरण या कर्त्तव्य के पालन में गम्भीर चूक होने की दशा में नियुक्ति प्राधिकारी के अनुरोध पर चयन सूची का विशेष रूप से पुनर्विलोकन किया जा सकेगा और विभागीय पदोन्नति समिति, ऐसे समिति को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर प्रदान करवाने के पश्चात् ऐसे व्यक्ति का नाम चयन सूची से हटा सकेगी.

19. चयन सूची से सेवा में उप पुलिस अधीक्षकों के पद पर नियुक्ति -

(1) चयन-सूची में सम्मिलित व्यक्तियों को पदोन्नति पर नियुक्ति से पूर्व पदोन्नति पूर्व कोर्स करना होगा तथा उसे ऐसे स्तरों से उत्तीर्ण करना होगा, जैसा कि इस संबंध में समय-समय पर, शासन द्वारा विनिर्दिष्ट किया जावेगा.

(2) सेवा में पदोन्नति से नियुक्त किये गये प्रत्येक व्यक्ति को दो वर्ष की कालावधि के लिये परिवीक्षा पर नियुक्त किया जावेगा.

20. सेवा के कनिष्ठ वेतनमान से वरिष्ठ वेतनमान में नियुक्ति के लिये पात्रता की शर्तें-

(1) सेवा के कनिष्ठ वेतनमान में कार्यरत केवल वही अधिकारी सेवा के वरिष्ठ वेतनमान में नियुक्ति के लिये विचार के पात्र होंगे, जो :-

(क) उस वर्ष की, जिस वर्ष के लिये चयन किया जाना है जनवरी माह की प्रथम दिनांक को सेवा के कनिष्ठ वेतनमान में 6 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके हों; तथा

(ख) सीधी भर्ती के अधिकारी जिन्होंने यथास्थिति सभी विषयों में विहित विभागीय परीक्षायें उच्च स्तर से उत्तीर्ण कर ली हो या जिन्हें उत्तीर्ण करने से राज्य शासन द्वारा, छूट दी गई हो.

(2) कनिष्ठ वेतनमान में कार्यरत अधिकारियों में से सेवा के वरिष्ठ वेतनमान में नियुक्ति हेतु चयन वरिष्ठता-सह-उपयुक्तता के आधार पर ऐसी समिति द्वारा किया जावेगा जिसका गठन अनुसूची-चार में वर्णित है.

(3) इस ग्रेड में के अधिकारियों की कुल संख्या कुल स्वीकृत पदों के 25 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी. पदों का वेतनमान अनुसूची-छ: में वर्णित किये गये अनुसार होगी.

21. सेवा के वरिष्ठ वेतनमान से प्रवर श्रेणी वेतनमान में नियुक्ति हेतु पात्रता की शर्तें-

(1) सेवा के वरिष्ठ वेतनमान में कार्यरत केवल वही अधिकारी सेवा के प्रवर श्रेणी वेतनमान में नियुक्ति के लिये विचार के पात्र होंगे, जो उस वर्ष की, जिसमें चयन किया जाना है, जनवरी के प्रथम दिवस को वरिष्ठ वेतनमान में चार वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके हों.

(2) वरिष्ठ वेतनमान में कार्यरत अधिकारियों में से प्रवर श्रेणी वेतनमान में नियुक्ति हेतु अधिकारियों का चयन ऐसी समिति द्वारा किया जावेगा जिसका गठन अनुसूची-चार में वर्णित है.

(3) चयन सभी प्रकार से उपयुक्तता के अधीन रहते हुए "ज्येष्ठता-सह-उपयुक्तता" (Seniority subject to fitness) के आधार पर किया जावेगा.

इस ग्रेड में के अधिकारियों की कुल संख्या कुल स्वीकृत पदों के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी. पदों का वेतनमान अनुसूची-छ: में वर्णित किये गये अनुसार होगी.

22. **सेवा के प्रवर श्रेणी वेतनमान से वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान में नियुक्ति के लिये पात्रता की शर्तें-**

(1) राज्य पुलिस सेवा के प्रवर श्रेणी में कार्यरत केवल वे अधिकारी सेवा की वरिष्ठ प्रवर श्रेणी में नियुक्ति के लिये विचार किये जाने के पात्र होंगे, जिन्होंने सेवा के सदस्य के रूप में उस वर्ष की पहली जनवरी को, जिसमें चयन किया जाना है, सेवा की प्रवर श्रेणी में कुल 6 वर्षों की सेवा पूरी कर ली हो.

(2) प्रवर श्रेणी वेतनमान में कार्यरत अधिकारियों में से सेवा के वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान में नियुक्ति हेतु अधिकारियों का चयन ऐसी समिति द्वारा किया जावेगा, जिसका गठन अनुसूची-चार में वर्णित है.

(3) चयन, सभी प्रकार से उपयुक्तता के अधीन रहते हुए "ज्येष्ठता-सह-उपयुक्तता" (Seniority subject to fitness) के आधार पर किया जावेगा.

इस ग्रेड में के अधिकारियों की कुल संख्या, कुल स्वीकृत पदों के 5 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी. पदों का वेतनमान अनुसूची-छ: में वर्णित किये गये अनुसार होगी.

23. **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थापना के लिये पात्रता की शर्तें-**

(1) सेवा के केवल वे सदस्य, जो राज्य पुलिस सेवा के वरिष्ठ वेतनमान या प्रवर श्रेणी वेतनमान या वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान में कार्य कर रहे हैं और अनुसूची-पांच के कालम-चार में वर्णित पात्रता की शर्तें पूर्ण करते हैं, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक/उप सेनानी या समतुल्य रैंक के पदों पर पदस्थापना हेतु विचार में लिये जाने के पात्र होंगे.

(2) पदस्थापना के लिये चयन, अनुसूची-पांच के कालम-पांच में यथा-विनिर्दिष्ट समिति द्वारा किया जावेगा.

24. **भारतीय पुलिस सेवा से पदस्थापना** - इन नियमों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, अनुसूची-एक में सम्मिलित पदों पर भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों की पदस्थापना वर्जित नहीं होगी.

25. **निर्वचन** - इन नियमों के निर्वचन के संबंध में कोई प्रश्न उद्भूत होता है तो राज्य शासन का विनिश्चिय अंतिम होगा.

26. **शिथिल करने की शक्ति**- यदि जहां राज्य शासन का इस बात से समाधान हो जाता है, इन नियमों में के किसी नियम के प्रवर्तन में किसी विशिष्ट मामले में अनावश्यक कठिनाई होती है तो वह आदेश द्वारा तथा लेखबद्ध किये जाने वाले कारणों से और ऐसी सीमा तक तथा ऐसे अपवादों तथा शर्तों के अध्यधीन रहते हुये जैसी कि वह आवश्यक समझे किसी विशिष्ट नियम से अभिमुक्ति प्रदान कर सकेगा या इसे शिथिल कर सकेगा.

27. **निरसन तथा व्यावृति** - मध्य प्रदेश पुलिस कार्यपालिक (राजपत्रित) सेवा भर्ती तथा पदोन्नति नियम, 2000 अधिसूचना क्रमांक एफ-1 (बी) 26-2000-बी-चार-दो दिनांक 22-05-2000 जो छत्तीसगढ़ राज्य को इस सम्बन्ध में लागू है तथा आदेश, संकल्प यदि कोई, जो इन नियमों के प्रारम्भ होने के तत्काल पूर्व प्रवृत्त हो इन नियमों के अन्तर्गत आने वाले विषयों के सम्बन्ध में एतद्द्वारा निरसित तथा विखण्डित, यथास्थिति किए जाते हैं.

परन्तु इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन किया गया कोई भी आदेश या की गई किसी कार्यवाही के संबंध में यह समझा जावेगा कि वह इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन किया गया आदेश या की गई कार्यवाही है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. मिंज, संयुक्त सचिव.

अनुसूची-एक

(नियम- 3, 4, 5, 11, 20, 21 एवं 22 देखिये)

सेवा का वर्गीकरण, वेतनमान तथा सेवा में विद्यमान पदों की संख्या

क्र.	सेवा में सम्मिलित पदों का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	नियुक्ति प्राधिकारी	पदोन्नति कोटा के अधिकारियों की पदस्थापना हेतु पात्रता
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1.	प्राचार्य पु. प्र. शाला	02	रापुसे/प्रथम श्रेणी	रापुसे का वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान रु. 14300-400-18300 या प्रवर श्रेणी वेतनमान 12000-375-16500 या वरिष्ठ श्रेणी वेतनमान 10000-325-15200/-	राज्य शासन	1. रक्षित निरीक्षक संवर्ग से पदोन्नत उप पुलिस अधीक्षकों के लिए एक पद. 2. शेष पद निरीक्षक या सीधी भर्ती के उप पुलिस अधीक्षक संवर्ग के लिए.
2.	प्राचार्य एपीटीसी बारसूर	01	तदैव	तदैव	तदैव	कंपनी कमाण्डर/रक्षित निरीक्षक संवर्ग/निरीक्षक संवर्ग/सीधी भर्ती
3.	प्राचार्य पीटीएस बोरगांव	01	तदैव	तदैव	तदैव	कंपनी कमाण्डर/रक्षित निरीक्षक संवर्ग/निरीक्षक संवर्ग/सीधी भर्ती
4.	सेनानी जंगल वारफेयर स्कूल, कांकेर.	01	तदैव	तदैव	तदैव	कंपनी कमाण्डर/रक्षित निरीक्षक संवर्ग/निरीक्षक संवर्ग/सीधी भर्ती
5.	राज्य परीक्षक (प्रश्नास्पद दस्तावेज).	01	तदैव	तदैव	तदैव	निरीक्षक (प्रश्नास्पद दस्तावेज)
6.	मुख्य सुरक्षा अधिकारी मुख्यमंत्री सुरक्षा.	01	तदैव	तदैव	तदैव	निरीक्षक-विशेष शाखा अथवा निरीक्षक
7.	अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक	27	तदैव	रापुसे का प्रवर श्रेणी वेतनमान रु. 12000-375-16500 अथवा वरिष्ठ वेतनमान रु. 10000-325-15200/-	तदैव	निरीक्षक
8.	क्षेत्रीय अधीक्षक/एसआईबी	07	तदैव	तदैव	तदैव	निरीक्षक-विशेष शाखा अथवा निरीक्षक
9.	उप सेनानी	15	तदैव	तदैव	तदैव	कंपनी कमाण्डर
10.	अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेडियो.	02	तदैव	रापुसे का प्रवर श्रेणी वेतनमान रु. 12000-375-16500 अथवा वरिष्ठ वेतनमान 10000-325-15200/-	तदैव	निरीक्षक-रेडियो
11.	उप पुलिस अधीक्षक	140	रापुसे प्रथम श्रेणी/द्वितीय श्रेणी	रापुसे का वरिष्ठ वेतनमान रु. 10000-325-15200 अथवा कनिष्ठ वेतनमान रु. 8000-275-13500	तदैव	निरीक्षक

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
12.	उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय, प्रशिक्षण, पीटीएस/एपीटीएस/जंगल वारफेयर स्कूल/सुरक्षा-लाईन)/माननीय उच्च न्यायालय सुरक्षा आदि.	19	तदैव	तदैव	राज्य शासन	रक्षित निरीक्षक
13.	सहायक सेनानी	45	तदैव	तदैव	तदैव	कंपनी कमाण्डर
14.	उप पुलिस अधीक्षक-रेडियो	05	तदैव	तदैव	तदैव	निरीक्षक-रेडियो
15.	उप पुलिस अधीक्षक-एमटी	01	तदैव	तदैव	तदैव	रक्षित निरीक्षक अथवा कंपनी कमांडर अथवा निरीक्षक-एमटी.
16.	उप पुलिस अधीक्षक प्रश्नास्पद दस्तावेज.	02	तदैव	तदैव	तदैव	निरीक्षक-प्रश्नास्पद दस्तावेज
17.	उप पुलिस अधीक्षक अंगुली चिन्ह ब्यूरो.	01	तदैव	तदैव	तदैव	निरीक्षक-अंगुली चिन्ह
18.	उप पुलिस अधीक्षक अनुसचिवीय	02	तदैव	तदैव	तदैव	निरीक्षक-अनुसचिवीय

योग 215+58=273

1. सीधी भर्ती के उप पुलिस अधीक्षक के इस अनुसूची में शामिल किसी भी पद पर पदस्थ किये जा सकते हैं.

2. कालम 2 में अनुक्रमांक 01 से अनुक्रमांक 18 तक दर्शाये गये पदों पर अधिकारी कनिष्ठ वेतनमान में प्रारंभिक रूप से नियुक्त या पदोन्नत होते हैं, परन्तु ज्येष्ठ वेतनमानों में बाद में नियुक्त/ क्रमोन्नत होते हैं, जैसा कि नियम-20, 21 एवं 22 में उल्लेखित है.

3. उप पुलिस अधीक्षकों के कुल संवर्ग के 25% पद वरिष्ठ वेतनमान में, 15% पद प्रवर श्रेणी में तथा 5% पद वरिष्ठ प्रवर श्रेणी में है.

4. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की पद श्रेणी के 58 पद हैं, जिन्हें वरिष्ठ वेतनमान, प्रवर श्रेणी, वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान के पदों की गणना में शामिली किया गया है. न्यूनतम 8 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर उप पुलिस अधीक्षकों की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर नियम-23 अनुसूची पांच के अनुसार पदस्थ किया जाता है, ये अधिकारी अपनी सेवाकाल की अवधि तथा नियम 20, 21 और 22 के अनुसार चयनित होने पर उप पुलिस अधीक्षक के पद के वरिष्ठ वेतनमान, अथवा प्रवर श्रेणी, वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान के होंगे. इन अधिकारियों की कुल संख्या 181 होगी (58+68+41+14) (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद 58, उप पुलिस अधीक्षक वरिष्ठ वेतनमान के 68, उप पुलिस अधीक्षक प्रवर श्रेणी के 41 तथा उप पुलिस अधीक्षक वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान के 14).

अनुसूची-दो
(नियम-6 देखिये)

क्र.	सम्मिलित किये गये स्वीकृत पदों के नाम	कर्त्तव्य पदों की कुल संख्या	भरे जाने वाले पदों की संख्या का प्रतिशत	
			सीधी भर्ती द्वारा नियम 6 (1) (क) देखिये	पदोन्नति द्वारा नियम 6 (1) (ख) देखिये
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	उप पुलिस अधीक्षक	140	50%	50%
2.	उप पुलिस अधीक्षक-मुख्यालय, उप पुलिस अधीक्षक-प्रशिक्षण, उप पुलिस अधीक्षक-पुलिस अकादमी, उप पुलिस अधीक्षक-पीटीसी, उप पुलिस अधीक्षक-सुरक्षा, उप पुलिस अधीक्षक-लाईन/उप पुलिस अधीक्षक-माननीय उच्च न्यायालय सुरक्षा आदि.	19	50%	50%
3.	सहायक सेनानी	45	50%	50%
4.	उप पुलिस अधीक्षक-रेडियो	05	50%	50%
5.	उप पुलिस अधीक्षक-एमटी	01	शून्य	100%
6.	उप पुलिस अधीक्षक-प्रश्नास्पद दस्तावेज	02	शून्य	100%
7.	उप पुलिस अधीक्षक-अंगुली चिन्ह ब्यूरो	01	शून्य	100%
8.	उप पुलिस अधीक्षक-अनुसचिवीय.	02	शून्य	100%

अनुसूची-तीन
(नियम-8 देखिये)

क्र.	पद का नाम	न्यूनतम आयु सीमा	अधिकतम आयु सीमा	शैक्षणिक अर्हता	टिप्पणी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	उप पुलिस अधीक्षक-मुख्यालय, उप पुलिस अधीक्षक-प्रशिक्षण, उप पुलिस अधीक्षक-पुलिस अकादमी, उप पुलिस अधीक्षक-पीटीएस, उप पुलिस अधीक्षक-सुरक्षा, उप पुलिस अधीक्षक-लाईन आदि. क्षेत्रीय अधीक्षक-विशेष शाखा और सहायक सेनानी.	21	28	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि अथवा उसके समकक्ष उपाधि.	
2.	उप पुलिस अधीक्षक (रेडियो)	21	28	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रानिकी/टेलीकम्यूनिकेशन या प्रौद्योगिकी में स्नातक उपाधि अथवा उसके समकक्ष उपाधि.	

टिप्पणी : अभ्यर्थी का छत्तीसगढ़/मध्य प्रदेश में स्थित विद्यालय/महाविद्यालय से हायर सेकेण्डरी/स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा.

अनुसूची-चार

(भाग-'अ' : नियम- 6, 14, 15, 16, 18, 20, 21 और 22 देखिये)

क्र.	उस पद का नाम, जिससे पदोन्नति की जाना है	उस पद का नाम, जिस पर पदोन्नति/नियुक्ति/पदस्थापना की जाना है	कालम 3 में पदोन्नति की पात्रता के लिए कालम 2 के पद पर न्यूनतम सेवा आवश्यक होगी	विभागीय पदोन्नति समिति की संरचना
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	निरीक्षक	उप पुलिस अधीक्षक	6 वर्ष	1. छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष या उसके द्वारा नाम निर्देशित आयोग का कोई सदस्य-अध्यक्ष. 2. प्रमुख सचिव-गृह-सदस्य 3. पुलिस महानिदेशक-सदस्य
2.	कंपनी कमाण्डर (श्वान दल, अश्वरोही दल को सम्मिलित करते हुये).	सहा. सेनानी	6 वर्ष	ऊपर वर्णित किये गये अनुसार
3.	निरीक्षक (रेडियो वरिष्ठ टेक्नीशियन/आपरेटर तथा सायफर).	उप पुलिस अधीक्षक (रेडियो)	6 वर्ष	ऊपर वर्णित किये गये अनुसार
4.	निरीक्षक (एमटी)	उप पुलिस अधीक्षक (एमटी)	6 वर्ष	ऊपर वर्णित किये गये अनुसार
5.	निरीक्षक (प्रश्नास्पद दस्तावेज)	उप पुलिस अधीक्षक (प्रश्नास्पद दस्तावेज)	6 वर्ष	ऊपर वर्णित किये गये अनुसार
6.	निरीक्षक (अंगुली चिन्ह)	उप पुलिस अधीक्षक (अंगुली चिन्ह)	6 वर्ष.	ऊपर वर्णित किये गये अनुसार
7.	रक्षित निरीक्षक	उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय/प्रशिक्षण, जेएनपीए, पीटीसी, पीटीएस, सुरक्षा लाईन आदि).	6 वर्ष	ऊपर वर्णित किये गये अनुसार
8.	निरीक्षक (अनुसचिवीय कार्यालय अधीक्षक)	उप पुलिस अधीक्षक (अनुसचिवीय)	6 वर्ष	ऊपर वर्णित किये गये अनुसार

भाग-'ब'

क्र.	उस पद का नाम, जिससे पदोन्नति की जाना है	उस पद का नाम, जिस पर क्रमोन्नति की जाना है	कालम 3 में क्रमोन्नति की पात्रता के लिए कालम 2 के पद पर न्यूनतम सेवा आवश्यक होगी	विभागीय पदोन्नति छानबीन समिति की संरचना
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	उप पुलिस अधीक्षक (प्रवर श्रेणी वेतनमान)	उप पुलिस अधीक्षक (वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान)	16 वर्ष जिसमें उप पुलिस अधीक्षक-वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान के रूप में 6 वर्ष सम्मिलित है.	1. प्रमुख सचिव गृह-अध्यक्ष 2. पुलिस महानिदेशक-सदस्य 3. सरकार द्वारा नाम निर्देशित अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रेंक के एक अधिकारी-सदस्य.
2.	उप पुलिस अधीक्षक (वरिष्ठ श्रेणी वेतनमान)	उप पुलिस अधीक्षक (प्रवर श्रेणी वेतनमान)	10 वर्ष जिसमें उप पुलिस अधीक्षक-कनिष्ठ श्रेणी वेतनमान के रूप में 6 वर्ष सम्मिलित है.	ऊपर वर्णित किये गये अनुसार
3.	उप पुलिस अधीक्षक (कनिष्ठ श्रेणी वेतनमान).	उप पुलिस अधीक्षक (वरिष्ठ श्रेणी वेतनमान)	6 वर्ष	ऊपर वर्णित किये गये अनुसार

अनुसूची-पांच
(नियम-14 एवं 23 देखिये)

क्र.	उस पद का नाम, जिससे पदस्थापना की जाना है	उस पद का नाम, जिस पर पदस्थापना की जाना है	कालम 2 में उल्लेखित पद से कालम 3 के पद पर पदस्थापना हेतु अपेक्षित न्यूनतम सेवा या वेतनमान	संवीक्षा स्क्रीनिंग समिति/छानबीन समिति की संरचना
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	उप पुलिस अधीक्षक	अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक	8 वर्ष	1. प्रमुख सचिव-गृह-अध्यक्ष 2. प्रमुख सचिव-गृह-सदस्य 3. सरकार द्वारा नाम निर्देशित अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रैंक का एक अधिकारी-सदस्य
2.	सहायक सेनानी	उप सेनानी	8 वर्ष	तदैव
3.	उप पुलिस अधीक्षक (रेडियो).	अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (रेडियो).	8 वर्ष	तदैव
4.	उप पुलिस अधीक्षक (एमटी)	अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एमटी)	8 वर्ष	तदैव
5.	उप पुलिस अधीक्षक (प्रश्नास्पद दस्तावेज)	राज्य परीक्षक (प्रश्नास्पद दस्तावेज)	राज्य पुलिस सेवा का प्रवर श्रेणी वेतनमान	पदस्थापना के लिये कोई पृथक संवीक्षा/छानबीन पुनः अपेक्षित नहीं होगी जबकि अधिकारी को 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर अनुसूची-चार के कालम-6 में यथा उल्लेखित समिति द्वारा प्रवर श्रेणी वेतनमान पहले ही दे दिया गया हो.
6.	उप पुलिस अधीक्षक (अंगुली चिन्ह)	संचालक (अंगुली चिन्ह)	तदैव	तदैव
7.	उप पुलिस अधीक्षक	मुख्य सुरक्षा अधिकारी मुख्यमंत्री सुरक्षा.	तदैव	तदैव
8.	उप पुलिस अधीक्षक	प्राचार्य एपीटीएस बारसूर	तदैव	तदैव
9.	उप पुलिस अधीक्षक	प्राचार्य पुलिस प्रशिक्षण शाला	तदैव	तदैव

टिप्पणी :- यदि सहायक सेनानी संवर्ग में पर्याप्त तथा उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध न हो तो सीधी भर्ती से नियुक्त उप पुलिस अधी. को अ.पु.अ. के रूप में पदोन्नत होने पर उप सेनानी के रूप में पदस्थ किया जा सकता है.

अनुसूची-छः

पार्ट-1 : उप पुलिस अधीक्षक के पदों/पदस्थापनाओं का वितरण

(नियम-20, 21, 22 एवं 23)

क्र. (1)	उपुआ एवं उसके समकक्ष रैंक के कुल पद (2)	सीधी भर्ती/पदोन्नति कोटा (3)	पदोन्नति कोटा (4)	पदोन्नति के लिये फीडर चैनल (5)
1.	140 अनुविभागीय अधिकारी, नगर पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक.	50 प्रतिशत कुल पद का 204 (204=140+19+45) इन पदों के 50 प्रतिशत अर्थात् 102 पदों पर उप पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी, नगर पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक-मुख्यालय, उप पुलिस अधीक्षक-प्रशिक्षण, उप पुलिस अधीक्षक पीटीएस, उप पुलिस अधीक्षक-पुलिस अकादमी, क्षेत्रीय अधीक्षक तथा सहा. सेनानी आदि की सीधी भर्ती की जावेगी.	कुल पदों का 50 प्रतिशत=70	निरीक्षक
2.	19 उप पुलिस अधीक्षक-मुख्यालय, उप पुलिस अधीक्षक-प्रशिक्षण, उप पुलिस अधीक्षक-लाईन, उप पुलिस अधीक्षक-पुलिस अकादमी, पीटीएस, उप पुलिस अधीक्षक-सुरक्षा/उप पुलिस अधीक्षक-माननीय उच्च न्यायालय सुरक्षा.		कुल पदों का 50 प्रतिशत=09	रक्षित निरीक्षक
3.	45 सहा. सेनानी		कुल पदों का 50 प्रतिशत=23	कंपनी कमांडर
4.	05 उप पुलिस अधीक्षक-रेडियो	कुल पदों का 50 प्रतिशत=02	कुल पदों का 50 प्रतिशत=03	निरीक्षक-रेडियो टेक्नीकल, निरीक्षक-रेडियो आपरेटर, निरीक्षक-रेडियो स्नायफर,
5.	01 उप पुलिस अधीक्षक-एमटी		कुल पदों का 100 प्रतिशत=01	निरीक्षक एमटी
6.	02 उप पुलिस अधीक्षक-प्रश्नास्पद दस्तावेज		कुल पदों का 100 प्रतिशत=02	निरीक्षक प्रश्नास्पद दस्तावेज
7.	01 उप पुलिस अधीक्षक-उंगली चिन्ह ब्यूरो		कुल पदों का 100 प्रतिशत=01	निरीक्षक अंगुली चिन्ह ब्यरो
8.	02 उप पुलिस अधीक्षक (अनुसचिवीय)		कुल पदों का 100 प्रतिशत=02	निरीक्षक अनुसचिवीय
	योग-215	104	111	

पार्ट-2-कनिष्ठ, वरिष्ठ, प्रवर श्रेणी एवं वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान पर उप पुलिस अधीक्षकों को क्रमोन्नति का विवरण

वरिष्ठ श्रेणी वेतनमान	प्रवर श्रेणी वेतनमान	वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान
25 प्रतिशत स्वीकृत पद के विरुद्ध नियम-20 के अनुसार क्रमोन्नति वरिष्ठता-सह-उपयुक्तता द्वारा.	15 प्रतिशत स्वीकृत पद के विरुद्ध नियम-21 के अनुसार क्रमोन्नति वरिष्ठता-सह-उपयुक्तता द्वारा.	5 प्रतिशत स्वीकृत पद के विरुद्ध नियम 22 के अनुसार क्रमोन्नति वरिष्ठता-सह-उपयुक्तता द्वारा.

टिप्पणी :- 1. सहा. सेनानी के 22 पदों पर सीधी भर्ती उप पुलिस अधीक्षक के नाम से की जाती है. सीधी भर्ती के ये अधिकारी जिला पुलिस बल अथवा छसबल में पदस्थ किये जा सकेंगे.

2. अति. पुलिस अधीक्षक की रैंक श्रेणी के 58 पद हैं, जिन्हें वरिष्ठ वेतनमान, प्रवर श्रेणी, वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान के पदों की गणना में शामिल किया गया है. न्यूनतम 08 वर्ष तक की सेवा पूर्ण करने पर उप पुलिस अधीक्षकों की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर नियम-23 अनुसूची-पांच के अनुसार पदस्थ किया जाता है. ये अधिकारी अपनी सेवाकाल की अवधि तथा नियम-20, 21 और 22 के अनुसार चयनित होने पर उप पुलिस अधी. के पद के वरिष्ठ वेतनमान अथवा प्रवर श्रेणी, वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान में हो सकते हैं. अतएव किसी भी विशेष समय वरिष्ठ वेतनमान अथवा प्रवर श्रेणी, वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान पर अधिकारियों की कुल संख्या 181 (58+68+41+14) होगी. (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के 58 उप पुलिस अधीक्षक, वरिष्ठ वेतनमान के 68 उप पुलिस अधीक्षक, प्रवर श्रेणी के 41 तथा उप पुलिस अधीक्षक वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान के 14)

रायपुर, दिनांक 28 जून, 2005

पृ. क्र.-एफ 2-8/दो-गृह/रापुसे/2005.— भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग के अधिसूचना क्र.-एफ 2-8/दो-गृह/रापुसे/2005, दिनांक 28-06-2005 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. मिंज, संयुक्त सचिव.

Raipur, the 28 th June 2005

NOTIFICATION

No. F 27/Two-Home/SPs/2005.- In exercise of powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution of India, in supersession of the previous rules in this subject, the Governor of Chhattisgarh hereby makes the following rules relating to the recruitment and promotion in Chhattisgarh Police Executive (Gazetted) Services, namely :-

RULES

1. SHORT TITLE AND COMMENCEMENT :-

(1) These rules may be called the Chhattisgarh Police Executive (Gazetted) Services Recruitment and Promotion Rules, 2005.

(2) It shall come in to force from the date of its publication in the "Official Gazette".

2. DEFINITIONS :-

In these rules, unless the context otherwise requires

(a) 'Appointing Authority' means the 'Government of Chhattisgarh'.

(b) 'Commission' means the 'Chhattisgarh Public Service Commission'.

(c) 'Examination' means Competitive Examination for recruitment conducted under Rule 11.

(d) 'Government' means Government of Chhattisgarh.

(e) 'Governor' means the Governor of Chhattisgarh.

(f) 'Inspector' means an Inspector District Executive Force (DEF), Inspector Special Branch (SB), Reserve Inspector (RI), Inspector Radio (R), Motor Transport Inspector (MTI), Inspector Questioned Documents (IQD), Inspector Finger Prints Bureau (IFPB) and Inspector Ministerial (M).

(g) 'Other Backward Classes' means Other Backward Classes declared by the State Government from time to time by Notification.

(h) 'Schedule' means Schedule appended to the rules.

(i) 'Scheduled Caste' means the Scheduled Caste specified in relation to this State under Article 341 of the Constitution of India.

(j) 'Scheduled Tribe' means the Scheduled Tribe specified in relation to this State under Article 342 of the Constitution of India.

(k) 'State' means the State of Chhattisgarh.

(l) 'Service' means Chhattisgarh Police Executive (Gazetted) Service.

3. SCOPE AND APPLICATION :-

Without prejudice to the generality of the provision contained in the Chhattisgtarh Civil Services (General Conditions of Service) Rules 1961, these rules shall apply to every member of the service, as mentioned in Schedule-1.

4. CONSTITUTION OF THE SERVICE :-

(l) The Service shall consist of the following persons, namely :

(a) Persons who at the commencement of these rules are appointed substantively or in officiating capacity the posts specified in Schedule-1;

(b) Persons recruited to the service before the commencement of these rules;

